**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–07.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज, एनडीए संसदीय दल की आज होने वाली बैठक में तय होगी आगे की रणनीति।**
2. **मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा– राज्य में तैंतीस हजार शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द होगी शुरू।**
3. **रांची–पटना परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन कल, विकास कार्यों के कारण परिवर्तित मार्ग से चलेंगी कई ट्रेनें।**

**और**

4. **रांची, गढ़वा, सरायकेला समेत राज्य के अधिकांश जिलों में आज से अगले चार दिनों तक हीट वेव की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।**

***********************

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनाने की तैयारी कर रहा है। इसे लेकर राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड के नेता अलग–अलग बैठकें कर रहे हैं। आज नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक होगी। इस बैठक में भाजपा, टीडीपी, जेडीयू, एलजेपी (आर), शिव सेना (शिंदे गुट), जेडी (एस) और एनडीए के अन्य घटक दलों के नवनिर्वाचित सांसद शामिल होंगे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए संसदीय दल की बैठक से पहले आज सुबह जनता दल यूनाइटेड संसदीय दल की बैठक भी होने वाली है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को मंत्रिमंडल गठन पर एनडीए सहयोगियों के साथ चर्चा करने की जिम्मेदारी दी गई है। कल श्री नड्डा ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों के साथ लंबी बैठकें की। बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल, प्रह्लाद जोशी, मनसुख मंडाविया और अश्विनी वैष्णव के साथ–साथ भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और विनोद तावड़े सहित अन्य लोग शामिल हुए। जदयू के कई नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की।

***********************

लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद निर्वाचन आयोग ने कल आदर्श आचार संहिता हटा ली। 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। हालाँकि, विधान परिषद के द्विवार्षिक उपचुनाव के कारण कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता अभी भी लागू है।

***********************

राज्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता समाप्त होते ही मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि तैंतीस हजार (33000) शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द शुरू की जायेगी। श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड के सभी सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में जनजातीय और स्थानीय भाषाओं में पढ़ाई शुरू करने की प्रक्रिया जारी है। बच्चे अपनी मातृभाषा में पढ़ेंगे तो स्कूलों में उपस्थिति बढ़ेगी। इसे लेकर राज्य सरकार ने शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द पूरा करने का निर्णय लिया है।

***********************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कहा है कि नीट–यूजी की कटऑफ में वृद्धि परीक्षा की प्रतिस्पर्धी प्रकृति और इस वर्ष उम्मीदवारों के उच्च प्रदर्शन मानकों को दर्शाती है। एनटीए ने नीट यूजी के परिणामों के संबंध में उम्मीदवारों के उठाए हालिया प्रश्नों के संदर्भ में ये स्पष्टीकरण जारी किया है। इसमें आगे कहा गया है कि एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तक के पुराने और नए संस्करणों में अंतर के कारण, विषय विशेषज्ञों ने माना कि एक विकल्प के स्थान पर दो विकल्पों को सही माना जाना चाहिए। जिन 67 अभ्यर्थियों को पूरे अंक मिले, उनमें से 44 को भौतिक विज्ञान की एक उत्तर कुंजी में संशोधन के कारण और छह को समय की हानि की भरपाई के लिए अंक मिले हैं।

**********************

ट्रेनों मे अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों और परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए रांची–पटना परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन कल किया जायेगा। यह ट्रेन कल रांची से दोपहर दो बजकर दस मिनट पर प्रस्थान करेगी और रात ग्यारह बजे पटना पहुंचेगी। वहीं वापसी में यह ट्रेन नौ जून को पटना से रात नौ बजे खुलेगी और अगले दिन सुबह पांच बजे रांची पहुंचेगी। नौ जून को बिहार आईटीआई कैट की परीक्षा को लेकर एक ट्रिप के लिए यह स्पेशल ट्रेन चलायी जा रही है।

वहीं विकास कार्यों के कारण टाटानगर–हटिया एक्सप्रेस ट्रेन नौ जून को परिवर्तित मार्ग से चलेगी, जबकि हटिया–झारसुगुड़ा–हटिया मेमू एक्सप्रेस ट्रेन 10 से 12 जून और 16 से 19 जून तथा 23 जून को रद्द रहेगी।

इसके अलावा रांची से होकर चलनेवाली धनबाद–ताम्बरम स्पेशल की 12 जून की समय सारिणी में बदलाव किया गया है। वहीं बरौनी–कोच्चुवेली स्पेशल की 11 जून की समय सारिणी में भी बदलाव किया गया है।

**********************

चतरा में अवैध पत्थर खनन और राजस्व की चोरी रोकने को लेकर उपायुक्त रमेश घोलप ने दंडात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया है।

इसे लेकर कल शाम हुई बैठक में उपायुक्त ने एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया है।

**********************

रांची, गढ़वा और सरायकेला समेत राज्य के अधिकांश जिलों में आज से 10 जून तक हीट वेव चलेगी। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के उत्तर–पश्चिमी, मध्य, दक्षिणी तथा उससे सटे उत्तर–पूर्वी भागों में कहीं–कहीं लू चलेगी। रांची में भी अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि होगी। हालांकि नौ जून तक आंशिक बादल छाए रहेंगे लेकिन तापमान में वृद्धि होगी, जिससे लू की स्थिति बनी रहेगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 41 से 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। वहीं दूसरी ओर दक्षिण एवं मध्य भागों में कुछ जगहों पर तेज हवा के साथ वज्रपात की भी संभावना है।

**********************

आईसीसी पुरुष टी–20 क्रिकेट विश्वकप में कल रात मेजबान अमरीका ने पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में सुपर ओवर में पांच रन से हरा दिया।

आज शाम न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कनाडा का मुकाबला आयरलैंड से होगा।

**********************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–**

- जमशेदपुर के बर्मामाइंस थाना क्षेत्र स्थित लाल बाबा फाउंड्री के रबर गोदाम में कल शाम आग लगने से अफरा–तफरी मच गई। झारखंड अग्निशमन विभाग और टाटा स्टील की एक दमकल ने आग पर काबू पाया।
- जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल स्थित पार्किंग से मोटरसाइकिल चोरी कर रहे दो लोगों को सुरक्षाकर्मियों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।
- खूंटी के ओकड़ा गांव में कल पंचयातस्तरीय शिक्षा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गर्मी छुट्टी के दौरान बच्चों को पढ़ाई से जोड़े रखने के लिए शिक्षा विभाग और सिनी टाटा ट्रस्ट के सयुंक्त प्रयास से सभी प्रखंडो में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

***************************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

राज्य से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी प्रमुख अखबारों ने केंद्र में नई सरकार के गठन को लेकर रणनीति की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** लिखता है – एनडीए संसदीय दल की बैठक आज, सरकार बनाने का दावा करेंगे मोदी।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– एनडीए आज दावा पेश करेगा।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है–मंत्रालय बंटवारा का फॉर्मूला लगभग तैयार, नौ जून को शपथ लेंगे नरेंद्र मोदी।

**दैनिक भास्कर** और **रांची एक्सप्रेस** ने रिटायर्ड महिला प्रोफेसर के बैंक खाते में धोखाधड़ी की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

**राष्ट्रीय नवीन** ने चुनाव आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता हटाये जाने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

अंग्रेजी अखबार **हिन्दुस्तान टाइम्स** ने महाराष्ट्र में मॉनसून की दस्तक की खबर को प्रमुखता दी है।

**और द टाइम्स ऑफ इंडिया** ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के शेयर बाजार में तीस लाख करोड़ के घोटाले के आरोप की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*********समाप्त*********